उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 29.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।



आज दिनांक 29.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 29.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 29.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 29.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 29.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महोबा पुलिस का सघन अभियान: स्कूली वाहनों की चेकिंग कर यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक।

आज दिनांक 29.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया।

इस क्रम में प्रभारी यातायात सुनील कुमार द्वारा मय यातायात पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग/जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की गहन जांच करते हुए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वाहन की फिटनेस, ड्राइवर के वैध ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई।

जांच के दौरान पाए गए उल्लंघनों पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं संबंधित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करते हुए सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

महोबा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।









## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 29.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा वारण्ट क्रमांक 605490/2012, धारा 457/380/411 भादवि से संबंधित 01 वांछित वारंटी अभियुक्त कन्हैया उर्फ आनन्द पुत्र जगत प्रसाद जोशी निवासी मोहल्ला आलमपुरा, कोतवाली नगर महोबा (हाल निवासी ग्राम पत्यौरा थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर) को बजरिया तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः**

कन्हैया उर्फ आनन्द पुत्र जगत प्रसाद जोशी निवासी मु0 आलमपुरा, कोतवाली नगर महोबा (हाल निवासी ग्राम पत्यौरा थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**

1.उ0नि0 नरेश चन्द्र निगम, चौकी प्रभारी बजरिया, थाना कोतवाली नगर महोबा
2.का0 आमिर खान, थाना कोतवाली नगर महोबा



## थाना अजनर महोबा की पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला, उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा, रि0का0 रितेश कुमार, रि0का0 विशाल सिंह के द्वारा श्रीमान् न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू CP No. 14/22, NCR No. 15/2020 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना अजनर बनाम 1.चरन सिंह पुत्र नन्दलाल अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष 2.बृजभान पुत्र नन्दलाल अहिरवार उम्र 38 वर्ष निवासीगण ग्राम हंसला थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम हंसला थाना अजनर जनपद महोबा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**अभियुक्त/वारंटी:**

चरन सिंह पुत्र नन्दलाल अहिरवार, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम हंसला थाना अजनर जनपद महोबा, से संबंधित एनबीडब्ल्यू CP No. 14/22, NCR No. 15/2020 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना अजनर, महोबा

बृजभान पुत्र नन्दलाल अहिरवार, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम हंसला थाना अजनर जनपद महोबा, से संबंधित एनबीडब्ल्यू CP No. 14/22, NCR No. 15/2020 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना अजनर, महोबा

**गिरफ्तार करने वाली टीम:**

1.उ0नि0 ऋषी शुक्ला 2.उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा
3.रि0का0 रितेश कुमार 4.रि0का0 विशाल सिंह



# महोबा पुलिस



## मिशन शक्ति टीम की प्रभावी पहल: पनवाड़ी पुलिस ने युवती को सकुशल परिजनों से मिलाया, पारिवारिक विवाद में कराई सुलह।

जनपद महोबा के थाना पनवाड़ी क्षेत्रांतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया गया।

प्रथम प्रकरण में दिनांक 28.04.2026 को पूजा पुत्री भूमानीदीन निवासी रूप नगर थाना चरखारी, जो दवा लेकर उरई से चरखारी जा रही थी, पनवाड़ी में कोई साधन न मिलने के कारण थाना पनवाड़ी पहुंची। इस पर थाना पनवाड़ी की मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उनके परिजनों को बुलाया गया तथा युवती को सकुशल उनके परिवार के साथ भेजा गया।

द्वितीय प्रकरण में दिनांक 29.04.2026 को आवेदिका श्रीमती सावित्री पत्नी संजू अहिरवार निवासी ग्राम रिछा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा अपने पति द्वारा आए दिन विवाद कर परेशान करने की शिकायत की गई। उक्त प्रकरण में थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से दोनों पक्षों को बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई। दोनों पक्षों की बात सुनते हुए उन्हें समझाया-बुझाया गया, जिसके फलस्वरूप दोनों पक्ष आपसी सहमति से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न करने एवं शातिपूर्वक साथ रहने पर सहमत हुए।

थाना पनवाड़ी पुलिस की इस कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।




